सूचना

JSLPS द्वारा आयोजित सामुदायिक समन्वयक (प्रशिक्षु) के चयन हेतु दिनांक 11 फरवरी 2018 को विभिन्न केन्द्रों पर आयोजित लिखित परीक्षा में उतीर्ण एवं अनुतीर्ण अभ्यर्थियों की सूची एवं आगे की प्रक्रिया।

यह सूचना उन समस्त अभ्यर्थियों के लिए है जिन्होंने JSLPS द्वारा प्रकाशित विज्ञापन सं0 PR 172390(JSLPS) 17-18 के आलोक में दिनांक 11 फरवरी 2018 को झारखण्ड के चार शहरों में आयोजित लिखित परीक्षा में भाग लिया था। आयोजित लिखित परीक्षा के उपरांत प्राप्त अंकों के आधार पर, जिला स्तरीय आरक्षण को ध्यान में रखते हुए, जिलेवार सूची बनायी गई है। साथ ही उतीर्ण अभ्यर्थियों हेतु श्रेणीवार न्यूनतम प्राप्तांकों का ध्यान रखा गया है, जो इस प्रकार है–अनारक्षित श्रेणी–40%, पिछड़ी श्रेणी (अनुसूची–2)–36.5%, पिछड़ी श्रेणी (अनुसूची–1)–34%, अनुसूचित जाति श्रेणी –32%, अनुसूचित जनजाति श्रेणी –32%, विकलांग श्रेणी (सभी कोटियों में)–32%। जिलेवार सूची को वेबसाईट पर दिए गए संबंधित जिले के नाम पर क्लिक करके देखा जा सकता है। प्रकाशित लिखित परीक्षा की सूची को निम्न बिंदुओं के परिप्रेक्ष्य में देखें।

1. कुल 23 जिलों के अभ्यर्थियों ने चार शहरों में 11 सेंटर पर परीक्षा दिया था। कुल Shortlisted 24192 आवेदन के विरुद्ध 17500 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए।
   i. 17500 में कुल 461 अभ्यर्थी ऐसे थे जिन्होने Question Booklet Code अपने OMR में अंकित नहीं किया था। इसके कारण उनका OMR नहीं जाँचा जा सका और उन्हे आगे की चयन प्रक्रिया में सम्मिलित नहीं किया जा सकता है। उक्त 461 अभ्यर्थियों की सूची वेबसाईट पर दिए संबंधित लिंक पर क्लिक करके देखा जा सकता है।
   ii. कुल 14 अभ्यर्थी ऐसे थे जिन्हे अन्य अनुमान्य कारणों से अयोग्य घोषित किया गया। इसकी सूची और विवरण वेबसाईट पर दिए संबंधित लिंक पर क्लिक करके देखा जा सकता है।
   iii. इसके अलावा कुल 968 अभ्यर्थी ऐसे थे जिन्होने कट–ऑफ से कम अंक लिखित परीक्षा में प्राप्त किए, इसलिए इन्हे आगे की चयन प्रक्रिया में सम्मिलित नहीं किया जा सकता है। आगे की चयन प्रक्रिया में सम्मिलित नहीं किया जा सकता है।
2. उपरोक्त को ध्यान में रखते हुए जिलेवार उपस्थिति एवं लिखित परीक्षा की उतीर्ण एवं अनुतीर्ण सूची का संक्षिप्त विवरण नीचे दिए गये सारिणी में देखा जा सकता है।

क्रम संख्या	जिला	लिखित परिक्ष में उपस्थित अभ्यर्थियों की संख्या	वैसे अभ्यर्थियों की संख्या जिन्होंने Question बुकलेट कोड अपने OMR में अंकित नहीं किया	न्यूनतम cut-off अंक से कम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों की संख्या	अन्य अनुमान्य कारणों से अयोग्य घोषित अभ्यर्थियों की संख्या	लिखित परिक्ष में उतीर्ण कुल अभ्यर्थियों की संख्या
1	बोकारो	1230	20	71	0	1139
2	चतरा	689	14	31	2	642
3	देवघर	1243	35	42	1	1165
4	धनबाद	1073	15	46	0	1012
5	दुमका	910	20	79	0	811
6	पूर्वी सिंहभूम	437	13	31	1	392
7	गढ़वा	491	12	23	0	456
8	गिरिडीह	1847	69	72	0	1706
9	गोड्डा	517	37	30	4	446
10	गुमला	201	6	15	0	180
11	हजारीबाग	958	3	46	1	908
12	जामतारा	448	6	23	1	418
13	खूँटी	223	9	9	0	205
14	कोडरमा	246	0	15	0	231
15	लातेहार	601	22	39	0	540
16	लोहरदगा	206	1	9	0	196
17	पलामु	1772	80	100	1	1591
18	रामगढ	358	5	21	0	332
19	रांची	1392	25	86	0	1281
20	साहेबगंज	631	8	51	0	572
21	सरायकेला खरसावाँ	894	23	47	3	821
22	सिमडेगा	247	6	27	0	214
23	पश्चिमी सिंहभूम	886	32	55	0	799
	कुल	**17500**	**461**	**968**	**14**	**16057**

<u>आगे की प्रक्रियाः–</u>

- लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थी ध्यान दें कि प्रकाशित मेधा सूची अंतिम नही है।
- अंतिम मेधा सूची लिखित परीक्षा के अंकों के साथ मैट्रिक में प्राप्त अंकों को मिलाकर बनाया जाएगा।
- अगली महत्वपूर्ण प्रक्रिया Document Verification की होगी। अभ्यर्थियों द्वारा अपने संबंधित आवेदन में बताई गई सूचनाओं के आधार पर उनकी औपबंधिक Shortlisting की गई थी। अब इन सभी सूचनाओं को अभ्यर्थियों के व्यक्तिगत संबंधित प्रमाण पत्रों के साथ मिलान किया जाएगा।
- इसके लिए जिलेवार तारीख निर्धारित करते हुए वेबसाईट पर प्रकाशित की जाएगी। अभ्यर्थी JSLPS की वेबसाईट को अगली सूचना के लिए देखते रहे। Document Verification की प्रक्रिया **जून**, 2018 में की जाएगी।
- Document Verification की प्रक्रिया लिखित परीक्षा में सफल घोषित किए गए अभ्यर्थियों के लिए ही आयोजित की जाएगी। अतः सफल अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि 30 मई, 2018 तक निम्नलिखित Document अपने पास तैयार रखें।
    1. लिखित परीक्षा हेतु निर्गत किया गया प्रवेश–पत्र।
    2. मैट्रिक परीक्षा का Original अंक पत्र एवं प्रमाण–पत्र।
    3. Domicile Certificate जो अनुमंडल पदाधिकारी या उससे उच्च अधिकारी द्वारा निर्गत किया गया हो।
    4. जाति प्रमाण पत्र जो अनुमंडल पदाधिकारी या उससे उच्च अधिकारी द्वारा निर्गत किया गया हो।
    5. आधार/वोटर आई0 डी0 अथवा अन्य मान्य व्यक्तिगत फोटो पहचान पत्र
    6. हाल का 2 रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो
- सभी सफल अभ्यर्थी ध्यान दें कि उपरोक्त Document प्रस्तुत नही करने की दशा में उन्हे अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।
- Document मिलान करने की प्रक्रिया में यदि कोई सूचना गलत पाई गई, उस परिस्थिति में भी अभ्यर्थी को अयोग्य घोषित किया जाएगा।
- सफल अभ्यर्थियों के Document Verification के लिए जो तिथि निर्धारित होगी, उन्ही तिथियों में संबंधित अभ्यर्थी का Document Verify किया जाएगा। अनुपस्थित रहने की दशा में संबंधित अभ्यर्थी का अन्य किसी तिथि या स्थान पर Document Verify नही किया जाएगा और उन्हे आगे की चयन प्रक्रिया हेतु उनकी पात्रता रद्द कर दी जाएगी।
- इस परीक्षाफल को पूरी सावधानी के साथ बनाया गया है। इसके बावजूद, किसी तरह की त्रुटि पाये जाने की स्थिति में, HR एजेंसी (SIDS) द्वारा समर्पित परीक्षाफल को ही सही माना जाएगा।